First Year Hindi

Gautami Shah/गौतमी शाह

CC BY NC SA

Transcript of clip "Priya tells Bharati about her job interview"
फ़िल्म: अजीब दास्तान्स - गीली पूच्ची (२०२१)
निर्देशक: नीरज घायवान
निर्माता: करण जौहर
अभिनेता : कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी

प्रिया: हम बहुत बोलते हैं, न? आप सोच रही होंगी कि ये क्या मनोहर कहानियाँ सुनाती रहती है!!?

भारती: मनोहर कौन है?

प्रिया: मेगज़ीन है! आपको नहीं पता? बहुत मज़ेदार कहानियाँ होती है उस में। सच्ची।

भारती: इंटरव्यू में भी मनोहर कहानियाँ सुनाया था जो तुमको जॉब दे दिया?

प्रिया: अरे, आप तो यकीन ही नहीं करेंगी! ऐसा ही कुछ हुआ था। मैनेजर सर ने हमें पूछा कि हमारी हॉबीस क्या है? हमने कह दिया, सर हम हाथ देखते हैं। फिर क्या था, इतनी पंडिताई तो सीखी है हमने। हमने उनका हाथ देखा - और धड़ाधड़ चार-पाँच चीज़ें बता दी: परिवार, नक्षत्र, भविष्य, वग़ैरा, वग़ैरा। फिर अगले दिन कॉल आ गया।

भारती: और Excel पे और Tally पे काम करके नहीं दिखाना..... (it sounded more like देखना - but दिखाना fits better) ....?

प्रिया: नहीं, सर बोले कि आलोक-जी हमें सब सिखा देंगे। बहुत हेल्पफ़ुल नेचर के हैं सब। और वैसे भी दो-चार दिनों में हम काफ़ी कुछ सीख गए।

शब्दावली:

निर्देशक (nm/nf) = director
निर्माता (nm/nf) = producer
मनोहर (adj) = delightful, charming, one that steals the mind/heart
सच्ची (adj) = true, honest
यक़ीन (nm + adv) = confidence, certainty, with certainty; यक़ीन करना = to believe for sure
ऐसा (adj + nm) = of this sort, such a thing as this, in this way
कुछ (pronoun + adj + adv) = something, anything; some, any, a few; somewhat, a little
पंडिताई (nf) = duties of a pandit, learning, scholarship; पंडित (nm + adj) = a scholar, learned brahmin, wise person, clever

धड़ाधड़ (adj) = continuously, one after the other
चीज़ (nf) = thing
नक्षत्र (nm) = a star as in one's star, a chart/diagram for astrological calculations,
भविष्य (nm + adj) = future
वग़ैरा/वग़ैरह (adv) = etc., and so on and so forth
दिखाना (v) = lit. 'to make see' = to show
सिखाना (v) = to make learn, to teach
वैसा (adj + nm) = of that sort, such a thing as that, in that way

Some expressions and constructions:
- ज्यादा-से-ज्यादा = ज़्यादा-से-ज़्यादा = lit. 'most from most' - at the very most, max.
- आप सोच रही होंगी is a presumptive sentence. Conjugating the होना auxiliary in the future tense instead of simple present, makes the sentence into a "presumptive sentence". So आप सोच रही होंगी = You must ('must' as in presumption, not compulsion) be thinking = you must (presumption) think ...
- सुनाती रहती है = Participial construction. Habitual participial + रहना conjugated = keep on doing the action of the habitual participial in the tense that रहना is conjugated in.